प्रेस नोट दिनांक-02.08.2022

(1). दिनाँक-01.08.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

(2). श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध शराब निर्माण एवं विक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मारकुंडी श्री अनिल कुमार तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त रामशरन कोल पुत्र मुलुआ निवासी बरुआ तिंदरा थाना मझगवां सतना म0प्र0 को 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मारकुंडी में धारा 60 आभकारी अधीनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजिकृत किया गया।

बरामदगीः-

19 क्वार्टर देशी शराब

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1.थानाध्यक्ष मारकुंडी श्री अनिल कुमार
2. आरक्षी अमित कुमार सिंह
3. आरक्षी शुभम द्विवेदी

3.). श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल कुमार शर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त गुड्डू पुत्र राजकुमार निवासी भदेवरा थाना राजापुर चित्रकूट को 01किलो 400 ग्राम गांजा के साथ तथा अभियुक्त रामअवतार पुत्र भरोसा निवासी भदेवरा थाना राजापुर चित्रकूट को 01 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तो के विरुध्द थाना सरधुवा में धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

02 किलो 700 ग्राम गांजा

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. थानाध्यक्ष सरधुवा श्री प्रवीण कुमार सिंह
2. आरक्षी बब्बू राजा
3. आरक्षी ललित सोनी
4. आरक्षी वेद प्रकाश

(4). आज दिनाँक 02.08.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट श्री अतुल शर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

(5). आज दिनाँक 02.08.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस से निरीक्षक नागरिक पुलिस पर प्रोन्नत हुये उ0नि0 श्री गुलाबचन्द्र सोनकर, उ0नि0 श्री योगेश तिवारी, उ0नि0 श्री अंजनी कुमार सिंह, उ0नि0 श्री प्रभुनाथ यादव को तीसरा स्टार लगाकर अलंकृत किया गया। इस खुशी के अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रोन्नत उपनिरीक्षकों सहित समस्त कार्यालय स्टाफ का मुंह मीठा कराया गया।

(6). आज दिनांक 02.08.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

(7). श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना राजापुर श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 139/2022 धारा 454/380 भादवि0 के नामजद अभियुक्त पप्पू सोनकर पुत्र मिन्नी निवासी गइलारोड माधौगंज कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया 19955 हजार रूपये व 100 ग्राम चुड़वा सफेद धातु एवं 01 अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। चोरी का माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उक्त में धारा 411 भादवि0 की बढ़ोत्तरी की गयी तथा अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना राजापुर में मु0अ0सं0 140/2022 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

1. चोरी किये गये 19955/- रूपये व 100 ग्राम चुड़वा सफेद धातु
2. 01 अदद अवैध तमंचा 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

बरामदगी/गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय थाना राजापुर
2. आरक्षी बुद्धसेन विक्रम
3. आरक्षी अंकित शुक्ला
4. आरक्षी धीरेन्द्र कुमार यादव

(8). श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा द्वारा थाना राजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना कार्यालय में रजिस्टर नं 04, थाना समाधान रजिस्टर, फ्लाईशीट, रजिस्टर नं0 08 एवं अन्य रजिस्टरों का अवलोकन कर अद्यावधिक करने हेतु निर्देश दिये गये, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर आगन्तुक रजिस्टर को चेक कर डियूटी में नियुक्त महिला आरक्षी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। महोदय द्वारा थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण कराने हेतु तथा थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये ।

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान राजापुर श्री दीपेंद्र सिंह, पीआरओ श्री प्रदीप कुमार पाल एवं अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।